# कक्षा– IX
# विषय– हिन्दी
# सेट – I
# 2021

<u>सामान्य निर्देश</u>

1) कुल प्रश्नों की संख्या 40 पूर्णांक – 40
2) सभी वैकल्पिक है
3) सभी प्रश्न 1 अंक स्तरीय है

I निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिये गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनेंः–

एक समय था जब पानी सब जगह मिल जाता था। इसलिए इसे कोई महत्व नहीं दिया जाता था। लेकिन तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या और जीवन–शैली में आए परिवर्त्तन के कारण जल अब दुर्लभ हो गया है। इसी दुर्लभता के कारण जल का आर्थिक मूल्य बहुत बढ़ गया है। अब तक जल की प्रमुख माँग फसलों की सिंचाई के लिए होती थी। लेकिन अब उद्योगों और घरेलू उपयोग के लिये भी जल की बहुत आवश्यकता है। इसीलिए जल अब एक बहुमूल्य संसाधन बन गया है। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की माँग बिल्कुल अलग–अलग तरह की होती है। आइए सबसे पहले नगरीय क्षेत्रों में जल की समस्या का अध्ययन करें।

1 एक समय सब जगह क्या मिल जाता था ?

(1) जंगल (2) पत्थर
(3) बालू (4) जल

2. एक समय किसको कोई महत्व नहीं दिया जाता था ?

(1) जल को (2) जंगल को
(3) पहाड़ को (4) आग को

3. अब जल कैसा संसाधन बन गया है ?

(1) अमूल्य (2) बहुमूल्य
(3) मूल्ययुक्त (4) मूल्यरहित

4. 'नगरीय' शब्द में क्या प्रत्यय है ?

(1) इय (2) रिय
(3) ईय (4) रीय

II निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनेः–

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है। जिसके जैसे संस्कार होंगे, वैसी ही उसकी भाषा होगी। जब कोई आदमी भाषा बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं। यही कारण है कि भाषा के शिक्षक का दायित्व बहुत गुरूतर और चुनौतीपूर्ण है। परंपरागत रूप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशलों यथा बोलना, पढ़वाना और लिखवाना तक सीमित कर दी गई है। केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते हैं। सोचना और महसूस करना दो ऐसे कारक हैं जिनमें भाषा सही आकार पाती है। इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती, इनके बिना भाषा युगों–युगों का लम्बा सफर नहीं तय कर सकती है व इनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की धड़कन नहीं बन सकती।

केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है। दर्द और मुस्कान के बिना कोई भी भाषा जीवंत नहीं हो सकती।

5. आदमी की पहचान किससे होती है?
   (1) उसकी भाषा से (2) उसके पहनावे से
   (3) उसके खानपान से (4) उसकी शिक्षा से

6. भाषा के कौशल कौन–कौन से है?
   (1) पढ़ना (2) लिखना
   (3) बोलना (4) उपर्युक्त सभी

7. आदमी की भाषा से उसके बारे में क्या पता चलता है?
   (1) वह कितना पढ़ा लिखा है। (2) वह कितना समृद्ध है।
   (3) उसके संस्कार कैसे है। (4) वह कितना चतुर है।

8. कोई भाषा किसके बिना जीवंत नहीं हो सकती?
   (1) दर्द व मुस्कान के बिना (2) अभ्यास के बिना
   (3) समर्थन के बिना (4) व्यवहार में लाए बिना

III. नीचे दिए गए पत्र लेखन के रिक्त स्थानों को सही विकल्प द्वारा भरेंः–

सेवा में,
नगरपालिका ...(9)...
राँची।
विषयः– सड़कों एवं नालियों की ....(10)... हेतु।
महोदय,

निवेदन के साथ ....(11)... है कि मैं कृष्णानगर मुहल्ले का निवासी हूँ। मेरे मुहल्ले की नालियों एवं सड़कों में गन्दगी भरी हुई है।

अतः अनुरोध है कि मेरे ...(12)... में नालियों एवं सड़कों की गन्दगी की नियमित तौर पर सफाई कराने की कृपा करें।

...(13)...
क,ख,ग

9. (1) अध्यक्ष (2) सचिव (3) उपाध्यक्ष (4) पदाधिकारी
10. (1) बचाव (2) रक्षा (3) सफाई (4) खुदाई
11. (1) कहना (2) कहे (3) सुनना (4) सुने
12. (1) गाँव (2) नगर (3) शहर (4) मुहल्ले
13. (1) विश्वासभाजन (2) अविश्वासी (3) विश्वासी (4) आपका

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुनेः–

14. 'सम्राट' का स्त्रीलिंग क्या होगा?
   (1) सम्राटी (2) राज्ञी
   (3) साम्राज्ञी (4) महाराज्ञी

15. 'नूतन' का विलोम क्या है?
   (1) नवीन (2) पुरातन
   (3) अवनत (4) नया

16. 'आँख' का पर्यायवाची कौन नहीं है?
   (1) चक्षु (2) कर्ण
   (3) नयन (4) दृष्टि

https://www.evidyarthi.in/

17. 'पुस्तक' का बहुवचन होगा–
(1) पुस्तकालय (2) पुस्तिका
(3) पुस्तकें (4) पुस्तिकाएँ

18. प्रसाद–प्रासाद का सही अर्थ–भेद है–
(1) कृपा–महल (2) उपनाम–अवसाद
(3) भोग–भक्ति (4) कवि–भावन

19. 'एड़ी–चोटी एक करना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(1) लंबा व्यक्ति (2) अत्यधिक परिश्रम
(3) अनिद्रा (4) एड़ी तक चोटी वाली महिला

20. 'आँख का तारा होना' मुहावरे का अर्थ है–
(1) अत्यधिक प्यारा होना (2) आँख का बिमारी होना
(3) सुन्दर होना (4) दिन में तारा दिखना

21. निम्न में सरल वाक्य का उदाहरण कौन है ?
(1) पानी बरस रहा है।
(2) वर्षा हो रही है और बादल गरज रहे हैं।
(3) शिक्षक ने कहा कि कल वर्षा होगी
(4) काश! आज वर्षा होती।

22. 'मानव' का सही विशेषण रूप क्या होगा ?
(1) मानवी (2) मानवीय
(3) मानविय (4) मानवीक

23. निम्न में से परिमाणवाचक विशेषण कौन है ?
(1) एक किलो आलू (2) सब्जी
(3) चौथा (4) दही

24. 'निर' उपसर्ग से निर्मित शब्द छांटिएः–
(1) नियम (2) निषेध
(3) निपात् (4) निर्जन

25. 'आई' प्रत्यय किसमें लगा है–
(1) भलाई (2) भली
(3) उपजाऊ (4) पहाड़ी

V नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनेः–

26. ''दो बैलों की कथा'' के आधार पर सबसे अधिक बुद्धिहीन पशु कौन है ?
(1) गदहा (2) गाय
(3) भैंस (4) बकरी

27. नाना साहब की पुत्री का क्या नाम था ?
(1) देवी उमा (2) देवी मैना
(3) देवी रमा (4) देवी इड़ा

28. तिब्बत में सबसे खतरनाक स्थान को क्या कहा जाता है ?
(1) साँड़े (2) भाँड़े
(3) तिहाड़ (4) डाँड़े

29. ''साँवले सपने की याद'' में बर्डवाचर किसे कहा गया है ?
(1) जाबिर हुसैन (2) सालिम अली

(3) श्यामाचरण दुबे (4) इम्तियाज को

30. 'मेरे बचपन के दिन' किस प्रकार का पाठ है ?
   (1) कहानी (2) निबन्ध
   (3) यात्ता–वृतांत (4) संस्मरण

31. महादेवी वर्मा को कविता सुनाने पर पुरस्कार स्वरूप कैसा कटोरा मिला ?
   (1) सोना का (2) चाँदी का
   (3) स्टील का (4) कांसा का

32. कबीर के अनुसार मानसरोवर क्या है ?
   (1) भक्त (2) मन या मानस
   (3) ईश्वर (4) सांसारिक भोग

33. "पखापखी" का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?
   (1) पंख (2) पक्ष–विपक्ष
   (3) पंखा (4) निरपक्ष

34. 'वाख' किसकी रचना है ?
   (1) कबीर (2) मीरा
   (3) ललद्यद (4) महादेवी वर्मा

35. 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से कौन प्रसिद्ध हैं ?
   (1) माखनलाल चतुर्वेदी (2) जयशंकर प्रसाद
   (3) सुमित्रानंदन पंत (4) केदारनाथ अग्रवाल

36. 'मेघ आए' कविता में किस ऋतु का वर्णन हुआ है ?
   (1) वसन्त (2) वर्षा
   (3) शिशिर (4) ग्रीष्म

37. प्रश्न की भांति किसे लिखा जाना चाहिए ?
   (1) भक्तों का मंदिर जाना (2) जादूगर का करतब दिखाना
   (3) बच्चों का काम पर जाना (4) भिक्षुक की दीनता को

38. 'माटीवाली' पाठ के लेखक का नाम क्या है ?
   (1) विद्यासागर नौटियाल (2) जगदीशचन्द्र माथुर
   (3) फणीश्वरनाथ रेणु (4) मृदुला गर्ग

39. "रीढ़ का हड्डी" एकांकी में उमा की माँ का नाम क्या है ?
   (1) सीता (2) राधा
   (3) प्रेमा (4) रमा

40. माटीवाली ने दो रोटियों में से एक रोटी क्यों छिपाई ?
   (1) पुत्री के लिए (2) पुत्र के लिए
   (3) पड़ोसी के लिए (4) बूढ़े पति के लिए

https://www.evidyarthi.in/